भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 3413
17 दिसंबर,2021 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

मणिपुर में सीजीएचएस आरोग्य केंद्र

3413. डॉ. लोहरो फोज़:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मणिपुर के पर्वतीय क्षेत्रों में सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वहां अतिरिक्त सीजीएचएस केंद्र खोलने का सरकार का कोई विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं तो क्या सरकार का विचार ऐसे केंद्र खोलने का है क्योंकि राज्य में केवल एक सीजीएचएस केंद्र है जो कि पर्वतीय क्षेत्रों में रहने वालों के लिए सुगम नहीं है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) से (ग): मणिपुर में अतिरिक्त (सीजीएचएस) आरोग्य केंद्र(केंद्रों) की स्थापना करने संबंधी ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है। नए सीजीएचएस आरोग्य केंद्र(केंद्रों) की स्थापना पर वित्त मंत्रालय के अनुमोदन से चिकित्सा अधिकारियों और अन्य स्टॉफ के पदों के सृजन सहित संसाधनों की उपलब्धता के अध्यधीन तथा मौजूदा मानदण्डों के अनुसार विचार किया जाता है।

*****